भारत सरकार
खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न सं.2619**
19 दिसम्बर, 2023 को उत्तर देने के लिए

## बिहार में एफपीआई

**2619. श्री जनार्दन सिंह सीग्रीवाल:**

क्या **खाद्य प्रसंस्करण उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

**(क)** क्या सरकार ने बिहार राज्य में खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों (एफपीआई) में अवसरों का आकलन किया है;

**(ख)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ग)** क्या सरकार को विगत तीन वर्षों के दौरान उक्त मंत्रालय के अंतर्गत किसी योजना या परियोजना के लिए राज्य सरकार से कोई प्रस्ताव प्राप्त हुआ है;

**(घ)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

**(ङ)** क्या सरकार खाद्य प्रसंस्करण से संबंधित उद्योगों की स्थापना के लिए वित्तीय और संभारतंत्र संबंधी सहायता प्रदान करती है; और

**(च)** यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और बिहार में लाभार्थियों का ब्यौरा क्या है?

## उत्तर

**खाद्य प्रसंस्करण उद्योग राज्यमंत्री**
**(सुश्री शोभा करंदलाजे)**

**(क) और (ख) :** जी हां सर, खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय (एमओएफपीआई) ने वर्ल्ड फूड इंडिया 2023 की गतिविधियों के भाग के रूप में बिहार राज्य की खाद्य प्रसंस्करण प्रोफ़ाइल तैयार की है और प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमई) के अंतर्गत राज्य स्तरीय उन्नयन योजना भी तैयार की गई है। राज्य में अपने समृद्ध बागवानी और कृषि उपज आधार को देखते हुए मजबूत खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र विकसित करने की क्षमता है और एमओएफपीआई इस क्षमता को प्राप्त करने में मदद करने के लिए उद्यमियों को राज्य में संबंधित उद्योग स्थापित करने के लिए प्रोत्साहित करता है।

**(ग) से (च):** एमओएफपीआई बिहार सहित सभी राज्यों में अपनी केंद्रीय क्षेत्र की अंब्रेला योजना प्रधानमंत्री किसान सम्पदा योजना (पीएमकेएसवाई), खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के लिए उत्पादन लिंक्ड प्रोत्साहन योजना (पीएलआईएसएफपीआई) और केंद्रीय प्रायोजित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन (पीएमएफएमईज़) योजना के माध्यम से खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों की स्थापना/उन्नयन का समर्थन करता है।

पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत, एमओएफपीआई 14 वें एवं 15 वें वित्त आयोग चक्र के लिए 10600 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ ज्यादातर क्रेडिट लिंक्ड वित्तीय सहायता (पूंजी सब्सिडी) प्रदान करता है। यह 5 वर्षों (2020-21 से 2024-25) की अवधि के लिए 10,000 करोड़ रुपये के परिव्यय के साथ पीएमएफएमई योजना के माध्यम से सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को वित्तीय, तकनीकी और व्यावसायिक सहायता प्रदान करता है, जबकि पीएलआईएसएफपीआई का लक्ष्य 6 वर्षों (2021-22 से 2026-27) की अवधि के लिए 10,900 करोड़ रुपये के कुल परिव्यय के साथ खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र में चैंपियन ब्रांड बनाकर खाद्य प्रसंस्करण क्षमता के विस्तार को सुविधाजनक बनाना है। पीएफएमई योजना के अंतर्गत बिहार में कुल 9057 सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों को क्रेडिट लिंक्ड सब्सिडी के साथ वित्तीय सहायता के लिए अनुमोदन प्रदान किया गया है। बिहार में पीएमकेएसवाई एवं पीएलआईएसएफपीआई  योजनाओं के अंतर्गत सहायता के लिए अनुमोदित खाद्य प्रसंस्करण उद्योगों का ब्यौरा **अनुबंध-I तथा अनुबंध-II** में दिया गया है।

******

**अनुबंध-I**

**"बिहार में एफपीआई" के संबंध में दिनांक 19 दिसंबर, 2023 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या के भाग (ग) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**पीएमकेएसवाई की घटक योजनाओं के अंतर्गत बिहार में सहायता के लिए अनुमोदित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग परियोजनाएं**

| क्र.सं. | परियोजना का नाम | ज़िला | अनुमोदन की तिथि | परियोजना की लागत | अनुमोदित अनुदान सहायता | स्थिति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| **घटक योजना- मेगा फूड पार्क योजना** | | | | | | |
| 1 | प्रिस्टिन मेगा फूड पार्क प्रा. लिमिटेड | खगरिया | 06.08.2014 | 120.13 | 41.9 | कार्यान्वयनाधीन |
| 2 | बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकरण (बियाडा) | मुजफ्फरपुर | 07.04.2022 | 180.57 | 45.4 | कार्यान्वयनाधीन |
| **घटक योजना- एकीकृत शीत श्रृंखला एवं मूल्य संवर्धन अवसंरचना योजना** | | | | | | |
| 3 | मेसर्स गंगा डेयरी लिमिटेड | बेगूसराय | 27.03.2009 | 22.6 | 9.35 | प्रचालनरत |
| 4 | मैसर्स आरके एग्री बिज़ एलएलपी | मुजफ्फरपुर | 04.05.2017 | 22.79 | 7.48 | प्रचालनरत |
| 5 | मैसर्स शालीमार कोल्ड स्टोरेज | पटना | 22.07.2019 | 29.87 | 10 | कार्यान्वयनाधीन |
| 6 | मेसर्स एबीजेड एग्रो प्राइवेट लिमिटेड | किशनगंज | 24.07.2019 | 43.34 | 10 | प्रचालनरत |
| 7 | मेसर्स सरन डेयरी प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड | गोपालगंज | 28.09.2020 | 11.66 | 3.05 | कार्यान्वयनाधीन |
| **घटक योजना- कृषि-प्रसंस्करण क्लस्टर अवसंरचना योजना** | | | | | | |
| 8 | मैसर्स श्रीकंगन फूड पार्क | बेगूसराय | 15.03.2019 | 30.43 | 9.35 | कार्यान्वयनाधीन |
| **घटक योजना- खाद्य प्रसंस्करण एवं परिरक्षण क्षमता सृजन/विस्तार योजना** | | | | | | |
| 9 | मेसर्स नटराज न्यूट्रीफीड प्राइवेट लिमिटेड | खगरिया | 25.07.2019 | 23.21 | 5 | प्रचालनरत |
| 10 | मैसर्स एसएमएम प्रोडक्ट्स एलएलपी | मुजफ्फरपुर | 05.12.2022 | 24.46 | 5 | कार्यान्वयनाधीन |
| 11 | मैसर्स कोशी फूड्स एंड बेवरेजेज | खगरिया | 05.12.2022 | 7.06 | 1.77 | कार्यान्वयनाधीन |
| 12 | मेसर्स गंगा डेयरी लिमिटेड | बेगूसराय | 05.01.2023 | 16.41 | 5 | कार्यान्वयनाधीन |
| 13 | मैसर्स अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड | किशनगंज | 05.01.2023 | 172.7689 | 5 | कार्यान्वयनाधीन |
| 14 | मैसर्स नेचर फ्रॉस्ट | बेगूसराय | 22.11.2023 | 13.1596 | 5.00 | कार्यान्वयनाधीन |
| **घटक योजना- खाद्य सुरक्षा एवं गुणवत्ता आश्वासन अवसंरचना** | | | | | | |
| 15 | ट्रस्ट वेल लेब | पटना | 12.06.2023 | 16.92 | 5.16 | कार्यान्वयनाधीन |
| 16 | बिहार स्टेट सीड एंड ओर्गेनिक सर्टिफिकेशन एजेंसी | पटना | 12.06.2023 | 19.97 | 5.38 | कार्यान्वयनाधीन |

**अनुबंध-II**

**"बिहार में एफपीआई" के संबंध में दिनांक 19 दिसंबर, 2023 को लोक सभा में पूछे जाने वाले अतारांकित प्रश्न संख्या के भाग (ग) से (च) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**<u>पीएलआईएसएफपीआई के अंतर्गत बिहार में अनुमोदित खाद्य प्रसंस्करण उद्योग परियोजनाएं</u>**

**(करोड़ रुपये में)**

| क्र.सं | आवेदक का नाम | खंड | स्थान | प्रतिबद्ध निवेश |
|---|---|---|---|---|
| **1** | हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड | फल और सब्जियां | लालगंज | 34.40 |
| **2** | हिंदुस्तान यूनिलीवर लिमिटेड | फल और सब्जियां | लालगंज | 29.50 |
| **3** | टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड | फल और सब्जियां | वैशाली | 0.00 |
| **4** | वरुण बेवरेजेज लिमिटेड | फल और सब्जियां | बेगूसराय | 75.90 |
| **5** | अनमोल इंडस्ट्रीज लिमिटेड | रेडी टू ईट/ रेडी टू कुक | किशनगंज | 182.85 |
| **6** | बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड | रेडी टू ईट/ रेडी टू कुक | मुज़फ़्फ़रपुर | 14.88 |
| **7** | बीकाजी फूड्स इंटरनेशनल लिमिटेड | रेडी टू ईट/ रेडी टू कुक | पटना | 53.26 |
| **8** | ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज लिमिटेड | रेडी टू ईट/ रेडी टू कुक | पटना | 85.00 |

****